सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - २ अंक - ३ १ सोमवार – २०/०१/२०२४ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### अवसाद में भारतीय बच्चे।

कोटा में वर्ष 2023 में अब तक 20 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। चाहे राजस्थान का कोटा शहर हो, पूरे देश का मामला हो या पूरी दुनिया की बात हो, आत्महत्या के आंकड़े दिन–प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। भारत का ही जिक्र करें तो एनसीआरबी की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार देश में पूरे वर्ष में 13089 छात्रों ने आत्महत्या की। इसका मतलब है कि देश में प्रतिदिन 35 छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। ये आंकड़े भयावह हैं और इनसे भी भयावह यह आशंका है कि आगे भी इन आत्महत्याओं में कमी आने की संभावना नहीं है।

अब यक्ष प्रश्न यह है कि इस दुष्चक्र का समाधान क्या है। हम अपने छात्रों–बच्चों को कैसे बचा सकते हैं। इन सवालों को लेकर पत्रकार प्रेरणा कुमारी ने ऑन्कोलोजी विशेषज्ञ के रूप में टाटा मेमोरियल अस्पताल, नानावती अस्पताल और फॉर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट गुड़गांव में काम कर चुकी डॉ मीना मिश्रा से बातचीत की। डॉ. मिश्रा का कहना है कि देश में आज भी मानसिक बीमारियों को लेकर पर्याप्त जागरूकता नहीं है और लोग इन्हें बीमारी के बजाय दिमागी फितूर समझते हैं।

मानसिक बीमारियां हमारे युवाओं को काल के गाल की तरफ ले जा रही हैं। भारत के युवा ही इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं लेकिन जिस तरह युवा वर्ग में आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं, यह भविष्य का बड़ा संकट बन सकता है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम मानसिक बीमारी के लक्षणों को समझें और इसके निराकरण के लिए विशेषज्ञों से सलाह लें। ब्रेन बिहेवियर रिसर्च फाऊंडेशन ऑफ़ इंडिया की अध्यक्ष डॉ. मिश्रा का कहना है कि माता–पिता को सबसे पहले यह समझना होगा कि बच्चों का पालन–पोषण पार्ट–टाइम जॉब नहीं है। बच्चों को हमेशा माता–पिता की देखभाल, प्रेम और संबल की जरूरत रहती है। सबसे पहले यह जरूरी है कि माता–पिता द्वारा बच्चों के पालन–पोषण और उनसे संपर्क का तरीका ऐसा होना चाहिए कि बच्चा किसी भी तरह मानसिक बीमारी का शिकार नहीं हो।


## भरभडियाँ गाँव में भव्य अनुष्ठान ,यज्ञ ,अर्चना ,कलश यात्रा के बाद ,नगर में भ्रमण कर नवीन मंदीर में , नवग्रहो के साथ विराजित हुए न्याय देवता शनिदेव ।

**251 निमंत्रीत गाँवो की प्रभात फैरीयो व हरीबोल संकीर्तन से वातावरण हुआ सराबार बच्चे से लेकर बुर्जग तक रहे उत्तसाहीत**

बृजेश कुमार शर्मा @ हरिकीर्तन के साथ विशाल जनसैलाब, मुख्य मार्गो पर पुष्प वर्षा , शंख ,मृदंग , वाद्य यंत्रों से सराबोर वातावरण यह नजारा कोई प्रयागराज कुंभ का नही, नजारा था भरभड़िया गाँव में शनिदेव व नवग्रह स्थापना का। यहा लम्बी प्रतीक्षा के बाद भरभडियाँ गाँव में नवग्रहो के संग नगर भ्रमण व हरी कीर्तन के साथ मंदिर में विराजित हुए न्याय के देवता शनिदेव ,जो व्यक्ति को कर्मों के अनुसार फल देनेवाले कहलाते ।













ग्रामीणों व भक्तो को लंबे समय से शनि मंदिर की प्रतीक्षा थी। जो आज भव्य अनुष्ठान,विशाल यज्ञ, पूजा , लम्बी अर्चना ,महाअभिषेक व विशाल महाप्रसादी (भंडारे) के साथ पूर्ण हुई |251गाँव की निमंत्रित प्रभात फेरिया रही धार्मिक आयोजन का केंद्र – ग्रामीण भक्तजनों द्वारा 251 गांव की प्रभात फेरियो वाले भक्तों को निमंत्रितकिया गया। जो भरभड़िया नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए हरिबोल व संकीर्तन के साथ संपूर्ण नगर भ्रमण कर शनिदेव मंदिर पहुंची। संकीर्तन डली के लिए ग्रामीणों द्वारा नगर के मुख्य मार्गो व परिसरो , चौराहों परभव्य स्वागत स्वरुप ग्रामीणों द्वारा भक्त सेवा में पुष्प वर्षा की गई। तत्पश्चात सम्पूर्ण ग्रामीणों ने तन–मन– धन से विशाल महाप्रसादी (भंडारे) का आयोजन किया गया। जिसमें नगर व आसपास के ग्रामीण भक्तोजनो ने उत्साहित हो भाग लिया |भरभड़िया नगर के वृद्ध से बच्चे तक उत्साही दिखे। ग्रामीणों का कहना हैं हम तो माध्यम मात्र है इस आयोजन को सफल करने में ईश्वर का आशीर्वाद सर्वोपरि है हम परमात्मा से यही प्रार्थना करते है की हमारे गांव में ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहे। इस आयोजन मे ग्रामीण एकता का परिचय मिला। सभी ग्रामीणों नें इसमें बढ़–चढ़ कर भाग लिया और अपनी जातियों,परिवार का नेतृत्व न कर वसुदेव कुटुंबकम के भाव के साथ हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व किया।

## केजरीवाल पर शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग केस चलेगा ईडी को ग्रह मंत्रालय ने मंजुरी दी

**दिल्ली चुनाव से २० दिन पहले फैसला**



गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय को आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस चलाने की मंजूरी दे दी है। दिल्ली के एलजी विनय सक्सेना भी केजरीवाल पर केस चलाने की इजाजत दे चुके हैं।ईडी को यह मंजूरी इसलिए लेनी पड़ी, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सरकारी कर्मचारियों पर मुकदमा चलाने के लिए यह करना होगा। ईडी नेपिछले साल एमएलए कोर्ट में केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें शराब नीति घोटाले में केजरीवाल को आरोपी बनाया था। ईडी को यह मंजूरी ऐसे समय मिली है, जब दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने हैं। रिजल्ट 8 फरवरी को आएंगे। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय को शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने की इजाजत दे दी। ईडी ने 5 दिसंबर को एलजी से केजरीवाल के खिलाफ ट्रायल चलाने की अनुमति मांगी थी।

## आईएनएस सुरत नीलगिरी ओर आईएनएस वाघशीर का कमीशन प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र को समर्पित करेगे ।

**प्रधानमंत्री मुंबई में नेविल डॉकयार्ड गऐ ओर राष्ट्र को समर्पित वॉर शीप ।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को मुंबई के नेवल डॉकयार्ड में तीन वॉरशिप आईएनएस सूरत (डिस्ट्रॉयर), आईएनएस नीलगिरि (स्टेल्थ फ्रिगेट) औरआईएनएस वाघशीर (सबमरीन) को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इन तीनों अल्ट्रा–मॉर्डन वॉरशिप से इंडियन नेवी की ताकत और बढ़ जाएगी। पीएम मोदी ने मंगलवार को एक्स पोस्ट में कहा, 15 जनवरी को हमारी नौसेना क्षमताओं के लिए एक विशेष दिन होने जा रहा है। तीन फ्रंटलाइन नौसैनिक लड़ाकू जहाजों के शामिल होने से डिफेंस में ग्लोबल लीडर बनने की हमारी कोशिशों को ताकत मिलेगी और आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी खोज को बल मिलेगा। इसके अलावा पीएम नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन परियोजना श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी मुंबई में महायुति के विधायकों से मिलेगें।

राज्य के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा– पीएम मुंबई आ रहे हैं। वे महायुति के विधायकों का मार्गदर्शन करेंगे। लोगों ने हमें भारी बहुमत दिया है और इसलिए हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। प्रधानमंत्री ने लगातार हमारी सरकार का समर्थन किया है।

## मारपीट कर जान से मारने की धमीकी देने वाले को कारावास



मनासा। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मनासा के द्वारा मौलवी की बेईज्जती करने से रोकने वाले फरियादी के साथ अश्लील गाली–गलौच करते हुवे मारपीट करके जान से मारने की धमकी देने वाले तीन आरोपीगण (01) अशफाक पिता अब्दुल करीम, उम्र–30 वर्ष, (02) निसार उर्फ भुरिया पिता अब्दुल करीम, उम्र–25 वर्ष एवं (03) असरफ पिता रफीक पठान, उम्र–25 वर्ष, तीनो निवासीगण–नुरी कॉलोनी, तहसील मनासा, जिला–नीमच को धारा 323/34, 294, 506(2) भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03–03 माह के कारावास व कुल 600–600रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया ।

## मुम्बई में कार ने महिला को मारी टक्कर एक की मौत एक घायल



पुलिस ने बताया कि कार ड्राइवर का गाड़ी से कंट्रोल हट गया था। इसके कारण हादसा हुआ। महाराष्ट्र के मुंबई में एक बार फिर तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला। नवी मुंबई के तलोजा एमआईडीसी इलाके में मंगलवार सुबह 9.46 बजे कार ने महिला–पुरुष को टक्कर मार दी। इसमें नजर आ रहा है कि एक महिला मोबाइल फोन पर बात करती चली जा रही है। जैसे ही वो थोड़ा आगे बढ़ती है, तभी उसके पास से एक युवक क्रॉस करता दिखता है। इसी दौरान तेज रफ्तार कार महिला–पुरुष को टक्कर मार देती है। हादसा इतना खतरनाक होता है कि महिला और पुरुष कई फीट दूर जाकर गिरते हैं। कार आगे जाकर दूसरी कार में टकराकर रुक जाती है। पुलिस के मुताबिक कार ड्राइवर का गाड़ी से कंट्रोल छूटने के कारण हादसा हुआ। एक की मौत हुई है, दूसरे का अस्पताल में इलाज जारी है।




डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



# न्यायलय का आदेश नही मानो पर एक वर्ष का कारावास

*मनासा। श्रीमान् सक्षम नरूला, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मनासा के द्वारा सिविल प्रकरण में सुपुर्दगी पर दी जप्तशुदा मोटरसायकल को न्यायालय के आदेश के बावजूद भी न्यायालय में प्रस्तुत न कर न्यायालय का आदेश नहीं मानने वाले आरोपी इंदरमल पिता नग्गा जी बंजारा, उम्र–50 वर्ष, निवासी–ग्राम तलाऊ, तहसील मनासा, जिला नीमच को धारा 406 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01 वर्ष के कारावास व 2000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया ।*

*प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री रमेश नावड़े द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना वर्ष 2015 की हैं। आरोपी इंदरमल का मोहम्मद मुस्लिम के विरूद्ध मनासा न्यायालय में बजावरी प्रकरण लंबित था, जिसमें न्यायालय द्वारा आरोपी के विरूद्ध कुर्की वारण्ट जारी किया था, जिसके पालन में न्यायालय नाजीर द्वारा दिनांक 27 अर्थदण्ड से दण्डित किया ।कुकड़ेश्वर में अमानत में खयानत*

*गमोटरसायकल को जप्त किया गया था तथा उसको इस शर्त के साथ सुपुर्दगी पर दिया गया था, कि जब भी न्यायालय द्वारा आदेश दिया जायेगा वह मोटरसायकल को न्यायालय में प्रस्तुत करेगा। इसके उपरांत भी न्यायालय द्वारा आरोपी को मोटरसायकल को न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने का आदेश दिये जाने के पर भी आरोपी द्वारा मोटरसायकल को प्रस्तुत नहीं किया गया, जिस कारण आरोपी के विरूद्ध पुलिस थाना कुकड़ेश्वर में अमानत में खयानत कुकड़ेश्वर में अमानत में खयानत*

*गविवेचना के उपरांत अभियोग–पत्र मनासा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में फरियादी, पंचसाक्षी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री रमेश नावड़े, एडीपीओ द्वारा की गई।*

सत्य का ब्रह्मास्त्र
स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)
https//:sbpatra.in
पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube
SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !
https://sbpatra.in/




| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/ | होम पेज पर केटेगिरी मे जाए | ई-पेपर केटेगिरी चुने | समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे ! |

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।


# स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in



पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

# ट्रम्प के शपथ ग्रहण समाहरो मे बीस जनवरी को विदेश मंत्री एस जयशंकर जाएगे ,चीन से शी जिनपिंग को भी निमंत्रण !

प्रोग्राम कमेटी ने १४०० करोड जुटाए जल्द ये अकडा १७०० करोड तक पहूँच जाएगा





विदेश मंत्री जयशंकर 20 जनवरी को अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। वे यहां नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे। शपथ ग्रहण आयोजन समिति ने इसके लिए भारत को न्योता भेजा है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी एक्स पर पोस्ट के जरिए दीइसके साथ ही चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई और अल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले को भी निमंत्रण भेजा गया है। ट्रम्प की प्रवक्ता कैरोली लेविट ने चीनी राष्ट्रपति को निमंत्रण भेजने की पुष्टि की है।उन्होंने फॉक्स न्यूज से कहा– ट्रम्प सभी देशों के नेताओं से खुलकर बातचीत करना चाहते हैं, फिर वो चाहे हमारे सहयोगी हों या हमारे विरोधी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प के शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए दुनिया भर के अरबपतियों में होड़ लगी है। हालांकि इस कार्यक्रम के लिए बड़ा डोनेशन देने के बाद भी कई लोगों को वेटिंग लिस्ट में डाल दिया गया है, क्योंकि सारे वीआईई टिकट खत्म हो चुके हैं। ट्रम्प की आयोजन टीम ने प्रोग्राम के लिए अभी तक 1400 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि जुटा ली है। माना जा रहा है कि जल्द ये आंकड़ा 1700 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है।

## मलाला की अफगान तालिबान के खिलाफ एक्शन की अपील

मुस्लीम लीडर्स ने कहा अफगान लडकियों का भविष्य संकट में

नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने रविवार पाकिस्तान में मुस्लिम लड़कियों की शिक्षा पर आयोजित एक सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने मुस्लिम नेताओं से लैंगिक इसके साथ ही मलाला ने अफगान महिलाओं के हालात के लिए तालिबान की निंदा की। मलाला ने कहा कि मुस्लिम नेताओं को तालिबान की नीतियों के खिलाफ आगे आना चाहिए। उन्होंने लड़कियों को स्कूल और यूनिवर्सिटी जाने से रोक दिया है। तालिबान के दमनकारी कानूनों को खुले तौर पर चुनौती देते हुए उनकी निंदा की जानी चाहिए। इस्लामाबाद में बोलते हुए मलाला ने कहा– अफगानिस्तान में लड़कियों की एक पूरी पीढ़ी का भविष्य छीन लिया जाएगा। मुस्लिम नेता के तौर पर अब वक्त है कि आप सभी अपनी आवाज उठाएं और ताकत का इस्तेमाल करें।

# ट्रम्प के रक्षामंत्री सीनेट के सामने पेश हुए कहा हमें वाम पंथी मिडीया बदनाम कर रही है।

रक्षा मंत्री बनने के बाद शराब छोडने का वादा



अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पीट हेगसेथ को रक्षा मंत्री के पद के लिए चुना है। वे मंगलवार को सीनेट समिति के सामने पेश हुए। इस दौरान हेगसेथ ने कहा कि वे भले ही एक आदर्श इंसान नहीं हैं, लेकिन उन पर लगाए आरोप बेबुनियाद हैं और वामपंथी मीडिया उन्हें बदनाम कर रही है। हेगसेथ ने कहा कि ट्रम्प को नुकसान पहुंचाने के लिए यह सब किया जा रहा है। यह शुरू से ही साफ दिख रहा है। हेगसेथ ने यह भी कहा कि जंग का अनुभव उन्हें रक्षा मंत्री के पद के काबिल बनाता है। हेगसेथ ने शराब समिति के सामने शराब छोड़ने का वादा नहीं किया। इससे पहले उन्होंने कहा था कि रक्षा मंत्री बनने के बाद वे शराब पीना छोड़ देंगे।

पीट हेगसेथ पहले एक सैनिक थे। उन्होंने अफगानिस्तान और ईराक में अपनी सेवाएं दी हैं। इसके बाद वे फॉक्स न्यूज पर टीवी शो होस्ट बन गए। उनपर शराबी होने, पत्नियों को धोखा देने के आरोप हैं। हेगसेथ ने महिलाओं को लेकर भी कई विवादित बयान दिए। इस वजह से ऐसा कहा जा रहा है कि वे रक्षा मंत्री पद की जिम्मेदारी निभाने के लिए सही व्यक्ति नहीं हैं।

# सीमा पर फेंसिंग प्रोटोकॉल के तहत बांग्लादेश ने बॉर्डर पर फेंसिंग को अवैध बताया

भारत–बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के विवाद को लेकर भारत ने सोमवार को बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नुरूल इस्लाम को तलब किया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक भारत ने नुरूल इस्लाम से कहा कि सीमा पर फेंसिंग प्रोटोकॉल के तहत हो रहा है और इसमें दोनों देशों के बीच हुए समझौते का पालन किया गया है। भारत ने बताया कि सीमा सरहद पर किए जा रहे सुरक्षा उपायों मेतकनीकी डिवाइस लगाना, बॉर्डर पर लाइटिंग, मवेशियों को रोकने के लिए कटीले तार लगाना शामिल हैं। भारत सरकार ने इस दौरान सीमा पार से हो रही तस्करी का भी मुद्दा उठाया। इससे पहले रविवार को बांग्लादेश ने भारतीय हाईकमिश्नर को समन किया था। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने भारतीय हाईकमिश्नर प्रणय वर्मा को बुलाकर बॉर्डर पर बीएसएफ की तरफ से की जा रही फेंसिंग (बाड़) को अवैध कोशिश बताया था।

# साउथ कोरिया के पद से हटाए गए राष्ट्रपति गिरफ्तार,उन्होने पिछले महीने इमरजेंसी लगाई थी

पकडेन के लिए सीढी लगाकर घर में घुसी पुलिस



साउथ कोरिया में पद से हटाए गए राष्ट्रपति यून सुक–योल को पुलिस ने बुधवार को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया है। योल पर 3 दिसंबर 2024 को देश में मार्शल लॉ लागू करने के लिए आपराधिक जांच चल रही है। मार्शल लॉ (इमरजेंसी) के फैसले को देश की संसद ने 3 घंटे बाद ही पलट दिया था। इसके बाद 14 दिसंबर को संसद में योल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाकर उन्हें पद से हटा दिया गया था। महाभियोग पर 14 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी थी, जिसके लिए योल को कोर्ट में पेश होना था। योल कल कोर्ट में पेश नहीं हुए। इसके बाद जांच एजेंसियों की तरफ से उनके खिलाफ आज सुबह गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस को मौके पर भारी विरोध का सामना करना पड़ा। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गिरफ्तारी के लिए 1000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

# गाजा में जल्द जंग रूकने की पुरी सम्भवना हमास सीजफायर डील आखरी दौर में ।

पहले फैज में 33 व कुछ दिन बाद बाकियों की रिहाई



इजराइल और हमास के बीच सीजफायर डील पर लगभग सहमति बन गई है। न्यूज एजेंसी ।च ने इस डील में शामिल दो अधिकारियों के हवाले से यह खबर दी। इस समझौते के लिए कतर की राजधानी दोहा में मिस्र, कतर और अमेरिका की मदद से बातचीत की गई।

डील के लिए आज यानी मंगलवार (14 जनवरी) को आखिरी बातचीत हुई। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल अल थानी इस बातचीत की मेजबानी की। इसमें इजराइल का प्रतिनिधित्व मोसाद चीफ डेविड बार्निया और शिन बेट चीफ रोनेन बार ने किया। वहीं, अमेरिका की तरफ से यहां पर ट्रम्प के दूत स्टीव विटकॉफ और बाइडेन के दूत ब्रेट मैकगर्क मौजूद रहे। हमास ने इस डील को स्वीकार किया है या नहीं, अभी इसकी जानकारी नहीं मिली है। वहां मंजूरी मिलने के बाद इसे इजराइली कैबिनेट में पेश किया जाएगा। वहां इसे मंजूरी मिलते ही सीजफायर डील को तुरंत लागू किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक सीजफायर का पहला फेज 42 दिन को होगा। इजराइली अधिकारियों ने सोमवार को बताया था कि डील के पहले फेज में 33 बंधकों को रिहा किया जाएगा। इनमें से 5 इजराइल की महिला सैनिक होंगी। इसके बदले इजराइल 250 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। 15 दिन बाद बाकी बंधकों को रिहा किया जाएगा। इस दौरान स्थायी तौर पर सीजफायर को लागू करने पर भी बातचीत की जाएगी।

# बाइडेन बोले चीन कभी अमेरिका से आगे नही निकल पाएगाँ युएस सुपर पावर बना रहेगा,हमारा अफगान में जंग रोकना सही फैसला था

हमने चीन के साथ रिशता को बेहतर मेनेज किया




अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सोमवार को राजधानी वॉशिंगटन में विदेश नीति पर अपना आखिरी भाषण दिया। बाइडेन ने इस दौरान दावा किया कि चीन कभी अमेरिका से आगे नहीं निकल पाएगा। इसके साथ ही उन्होंने अफगानिस्तान में युद्ध खत्म करने के फैसले को सही ठहराया। बाइडेन ने कहा कि एक समय एक्सपर्ट्स यहअनुमान लगा रहे थे कि चीन की इकोनॉमी अमेरिका से आगे निकल जाएगी। अब माना जा रहा है कि चीन जिस रास्ते पर है वह अमेरिका से कभी आगे नहीं निकल पाएगा। नई सरकार को चीन से अकेले जूझने की जगह अपने सहयोगियों के साथ आगे बढ़ना चाहिए।बाइडेन ने कहा– हमने चीन के साथ रिश्तों को बेहतर तरीके से मैनेज किया। मेरे राष्ट्रपति रहते आपसी रिश्ते कभी संघर्ष में नहीं बदले। चीन कभी हमसे आगे नहीं निकल पाएगा। अमेरिका दुनिया में सुपर पावर बना रहेगा। बाइडेन ने अपनी स्पीच में रूस–यूक्रेन वॉर, गाजा युद्ध, चीन और ईरान समेत कई मुद्दों पर बात की। हालांकि पूरी स्पीच में उन्होंने एक बार भी डोनाल्ड ट्रम्प का नाम नहीं लिया। बाइडेन ने दावा किया कि जल्द ही गाजा में युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई का समझौता सफल होने वाला है। जो बाइडेन कल यानी बुधवार को ओवल ऑफिस से राष्ट्र के नाम अपनी विदाई स्पीच देंगे। वहीं डोनाल्ड ट्रम्प 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे।


खबरों के लिए लोगिंन करे

https://sbpatra.in/


स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीय अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। - सम्पादक मधुसूदन शर्मा